सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

#ऑपरेशन त्रिनेत्र

प्रेस नोट- दिनांक 13.07.2024

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी किया गया टैंकर एवं उसमें भरी दाल (अनुमानित कीमत 25 लाख रूपये) की गयी बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **एसओजी/सर्विलान्स टीम** एवं **थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 10.04.2024 को पीटीओ इटावा द्वारा ट्रक संख्या UP81BT 7260 का चालान कर थाना फ्रेण्डस कालोनी मण्डी परिसर में खड़ा किया गया उक्त ट्रक को ट्रक ड्राइवर मौका पाकर चोरी की नियत से ले गया। **जिस पर एचएम थाना फ्रेण्डस कालोनी की तहरीर के आधार पर थाना फ्रेण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 162/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा उक्त ट्रक की बरामदगी हेतु एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना फ्रेण्डस कालोनी से पुलिस टीमो का गठन किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा ट्रक की बरामदगी एवं घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमो को दिये गये निर्देशों के क्रम में सीसीटीवी कैमरों को चैक किया जा रहा था एवं हाइवे पर सघन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 01 अभियुक्त को ट्रक संख्या UP81BT 7260 एवं ट्रक में भरी दाल (**अनुमानित कीमत 25 लाख**) सहित गिरफ्तार किया गया।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना फ्रेण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 162/2024 धारा 303(2) बीएनएस में धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी की गयी।

नोटः-उक्त अभियोग में दीपक उर्फ पैगा पुत्र राजवीर सिंह ट्रक चालक वाँछित है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयारसत है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अंशुल कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी बंजार नगर दर्ब थाना गोंडा जनपद अलीगढ़ (ट्रक मालिक) **उम्र 40 वर्ष।**

बरामदगी-

1. 01 ट्रक संख्या UP81BT 7260 **(चोरी किया गया)**
2. ट्रक में लदी मूंग की दाल **(अनुमानित कीमत 25 लाख रूपये)**

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0स0 162/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।

पुलिस टीम- प्रथम टीमः- उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी, उ0नि0 नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

द्वितीय टीमः- निरी0 श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना फ्रेण्डस कालोनी, उ0नि0 नितिन कुमार, उ0नि0 अरविन्द, का0 शनि, का0 रविदेव, का0 संसार।